**चांदपुर (चिंगारी)।** आधारशिला द स्कूल में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रार्थना सभा में अतुल भाटिया एवं सुरेंद्र अरोड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राध्यापक कुलदीप कुमार शर्मा ने इस दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अतुल भाटिया ने विभाजन की विभीषिका का दंश कैसे उस समय लोगों ने झेला, इसकी विशद व्याख्या की। प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल कोऑर्डिनेटर श्रीमती बबीता त्यागी, रजनी शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष चतुर्भुज पांडे ने किया।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यालयों में विकसित हो सुरक्षित व प्रेरणादायी माहौल

## डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिये व्यापक निर्देश

## स्वच्छता, एमडीएम, डिजिटल शिक्षा और छात्र सुरक्षा पर विशेष जोर

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, खंड विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों, समाज कल्याण विभाग के विद्यालयों और राजकीय इंटर कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ स्वच्छ, सुरक्षित, अनुशासित एवं प्रेरणादायी शैक्षिक वातावरण विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई के केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण के महत्वपूर्ण केंद्र हैं, इसलिए सकारात्मक वातावरण, अनुशासन, गुणवत्ता और नवाचार को प्राथमिकता दी जाए।

### ड्रॉपआउट रोकने के निर्देश

डीएम ने प्रत्येक कक्षा में नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की भाषा एवं गणितीय दक्षता बढ़ाने, सतत मूल्यांकन करने तथा कमजोर विद्यार्थियों को विशेष शैक्षणिक सहयोग देने पर जोर दिया गया। नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट रोकने के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा गया। उन्होंने प्रार्थना सभा को भी अधिक प्रेरणादायी बनाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन, संविधान, नैतिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े प्रेरक प्रसंग नियमित रूप से बताए जाने पर जोर दिया।



पूर्व माध्यमिक विद्यायल तैमूरपुर में मिड-डे मील का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी।

### स्वच्छता और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर सख्ती

जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालयों, पेयजल, रसोईघर, हैंडवॉश स्टेशन और खेल मैदान की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालयों को स्वच्छ, हरित, सुरक्षित और आकर्षक बनाने पर विशेष जोर दिया गया। मध्याह्न भोजन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार समय पर, स्वच्छ और पौष्टिक रूप से तैयार कराया जाए। खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण, रसोइयों की व्यक्तिगत स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और भोजन वितरण के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन करने, उसकी गुणवत्ता परखने और बच्चों से फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए गए।

### कस्तूरबा विद्यालयों में सुरक्षा पर विशेष फोकस

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सेनिटेशन, छात्रावास व्यवस्था, भोजन, पेयजल, शौचालय, प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ स्वास्थ्य परीक्षण और नियमित काउंसलिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। छात्राओं को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया।

### खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश

विद्यालयों के पुस्तकालयों का नियमित उपयोग कराने तथा विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए पुस्तक पठन, कहानी वाचन, जीवनियां, प्रेरक प्रसंग और सामान्य ज्ञान आधारित गतिविधियां कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही खेलकूद, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी, चित्रकला, निबंध, भाषण, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और संगीत जैसी सहशैक्षिक गतिविधियों के नियमित आयोजन पर भी जोर दिया गया।

# यूनिवर्सल एकेडमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बिजनौर (चिंगारी)।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक राकेश कर्णवाल एवं प्रबंध समिति के समस्त सदस्य शुभम कर्णवाल, श्रीमती अपर्णा कर्णवाल, प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी एवं उपप्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा अनेक तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। प्रबंधक राकेश कर्णवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस ऐतिहासिक दिन पर हम महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाषचंद्र बोस जैसे वीरों के त्याग को नमन करें और देश हित में काम करने का संकल्प लें। प्रधानाचार्य डॉक्टर अनुज त्यागी ने कहा कि हमें तिरंगे की आन बान शान बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने कहा कि यह दिन भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, बलिदान एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।




कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिविटी इंचार्ज मिस्टर अभिलाष, अनीता चौधरी, डांस शिक्षक ओम, संगीत शिक्षक नितिन, संजय फाइन आर्ट इंचार्ज नितिन चौधरी, स्पोर्ट्स शिक्षक अजीत, सभी कोऑर्डिनेटर एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।



### स्वतंत्रता दिवस पर राजकीय आईटीआई में भी किया गया ध्वजारोहण

**बिजनौर (चिंगारी)।** 80 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर गत वर्षो की भांति राजकीय आईटीआई बिजनौर में भी नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश कुमार शर्मा, दीपक कुमार गुप्ता, श्रीमती प्रियंका, साजिद हुसैन, कमलवीर सिंह, सत्येंद्र कुमार, मनोज, योगेश, दिवाकर, अजय कुमार, अनु सिंह, श्याम सिंह, धर्मवीर, आशीष सक्सेना, सुभाष यादव, रंजन कुमार, बृजेश कुमार खरवार, राहुल सिंह, अभय कुमार श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह, सुशील कुमार, समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




# तपराज सिंह के नेतृत्व में निकली विराट तिरंगा यात्रा

## नजीबाबाद में ऐसे भरे देशभक्ति के रंग, देखने वाले रह गये दंग

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ब्लॉक प्रमुख/प्रशासक तपराज सिंह देशवाल के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस पर नजीबाबाद में विराट तिरंगा यात्रा निकली, जिसमें लगभग 5 हजार व्यक्ति सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा ने नजीबाबाद नगर को देशभक्ति के रंग में पूरी तरह से रंग दिया था।

उक्त विराट तिरंगा यात्रा नजीबाबाद-बिजनौर मार्ग स्थित स्टैब्स ग्राउंड से शुरू हुई। यात्रा का शुभारम्भ समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायमूर्ति रामऔतार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में ढाई-तीन हजार व्यक्ति हाथों में तिरंगा लेकर पैदल चल रहे थे तथा लगभग दो हजार मोटरसाइकिलें शामिल थीं। तिरंगा यात्रा स्टैब्स ग्राउंड से शुरू होकर मालगोदाम तिराहा, तहसील के सामने से होते हुए नगर के मुख्य बाजारों, कृष्णा टॉकीज का चौराहा आदि स्थानों से होते हुए निकली। यात्रा में जहां देशभक्ति गीत बज रहे थे, वहीं लोग 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम', 'सबसे प्यारा, हिंदुस्तान हमारा' जैसे जोशीले नारे लगाते हुए चल रहे थे। तिरंगा यात्रा जिधर से भी गुजरी, नजीबाबाद नगर का वो क्षेत्र देशभक्ति के रंग में पूरी तरह से रंगा हुआ नजर आया।

लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि अगर आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं, तो इसके लिये देश के हजारों-लाखों क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जेल की कष्टकारी यात्रायें की हैं। इस आजादी के लिये हमें स्वतंत्रता संग्राम के सभी सेनानियों, बलिदानियों के प्रति सदैव कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिये। उन्होंने बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिये सभी का कोटि- कोटि धन्यवाद किया। इस तिरंगा यात्रा के बारे में नगर के लोग कहते सुने गये कि नजीबाबाद में बहुत लंबे समय बाद भाजपा के बैनर तले इतनी विराट तिरंगा यात्रा निकल सकी है। तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य बाजारों एवं अन्य प्रमुख स्थानों से होते हुए वापस स्टैब्स ग्राउंड पर पहुंचकर ही सम्पन्न हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, सरदार सतविंदर सिंह पोप, सरदार बलविंदर सिंह, प्रधान मौ. अल, प्रधान खुर्शीद, प्रधान महताब खां, प्रधान अब्दुल हक, सुधीर चौधरी, एड. ब्रजराज सिंह देशवाल, कमल सैनी, वीरेन्द्र शर्मा, नकुल अग्रवाल, राहुल हुड्डा, प्रशांत चौधरी, देवेन्द्र चेयरमैन सहित करीब 5 हजार व्यक्ति शामिल हुए।




तपराज सिंह देशवाल के नेतृत्व वाली तिरंगा यात्रा का तिरंगा लहराकर शुभारंभ करते पूर्व जस्टिस रामऔतार सिंह



विराट तिरंगा यात्रा का दृश्य

## गुरु तेग बहादुर स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां धामपुर रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ प्रबंध निदेशक मनदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया।

ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों, ध्वज गीत तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया। नन्हा बचपन डांस के साथ कार्यक्रम को आकर्षक शुरुआत मिली। इसके बाद सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस एवं तेज हाउस के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुकुल तथा यशितका ने हिंदी भाषण तथा मनप्रीत और दिव्यांका ने अंग्रेजी भाषण के माध्यम से स्वतंत्रता के महत्व और राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रीत चौधरी,चेतना आर्य, शैली यादव और कनिष्का चौहान ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समन्वयक दीपक कुमार, गतिविधि प्रभारी अंशुल कुमार, रोबिन कुमार, गुंजन, मधु रानी, साक्षी, दीक्षा आदि शिक्षकों का सहयोग रहा। समारोह में प्रबंध निदेशक मनदीप सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)

### 80वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सार्वजनिक सूचना

1. नगर आपका है इसे स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
2. कूड़ा निर्धारित स्थान अथवा कूड़ा गाड़ी आने पर ही डालें।
3. प्रतिबंधित पॉलिथीन/एकल उपयोग प्लास्टिक सामग्री के उपयोग से बचें और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करें।
4.पालिका करों की समय से अदायगी करें।
5. जन्म-मृत्यु का समय से पंजीयन करायें।
6. पालिका सम्पत्ति को नुकसान व अतिक्रमण न करें।
7. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरुपयोग कदापि न करें तथा नल की टोंटी खुली न छोड़ें।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद

# पागल कुत्ते ने 16 लोगों को काटा घटना के बाद मुहल्ले में सन्नाटा


कुत्ते के काटने से घायल व्यक्ति।

**किरतपुर ( चिंगारी )।** बीती रात एक कटखने कुत्ते ने 16 लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। मोहल्लेवासियों ने भय के कारण अपने-अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। रात भर मोहल्ले में खौफ का वातावरण बना रहा। बाद में कुत्ते को मोहल्ले के लोगों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला।

चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला मीठा शहीद व मिर्जापुर बस्सी में एक काले रंग के कुत्ते ने ऐसा आतंक मचाया कि मोहल्ले में डर के कारण भगदड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्ते के सामने जो भी आया, उसे वह काटता रहा जिससे चीखते-चिल्लाते लोग घरों में घुस गए। कुत्ता भी घरों में घुस गया, वहां उसने कई लोगों काटा। काफी देर बाद लोगों ने लाठी-डंडों के प्रहार से कुत्ते को भगाया। सभी जखी लोग सरकारी अस्पताल पहुंचे। घायलों ने बताया कि वह लगभग एक घंटे से अस्पताल में पड़े तड़प रहे हैं, यहां इमरजेंसी में कोई डॉक्टर नहीं है। काफी देर बाद सीएचसी डॉ. ईश्वरानंद ने घायलों की मरहम पट्टी कराई और रेबीज के इंजेक्शन लगवाए। इस दौरान डॉक्टर और घायलों के परिजनों में तीखी बहस भी हुई। एक मीडियाकर्मी ने बताया कि जब डा. ईश्वरानंद को घटना की सूचना दी गई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेने के बजाय फोन सुनना गवारा नहीं किया और फोन काट दिया।

कुत्ते द्वारा काटे गए लोगों में आदिल पुत्र अब्दुल बली, नफीस आलम पुत्र रहमतुल्लाह, आलिया पुत्री रशीद निवासी गाना मोहल्ला मिर्जापुर, रफीक पुत्र जीशान शमी अल्लाह पुत्र मुकीम निवासी मोहल्ला मीठा शाहिद, अफजल पुत्र निसार, सुरेंद्र पुत्र रिशिपाल, अमान मोहल्ला लुकमानपुरा तथा मिथिलेश आदि कई लोग शामिल हैं। सूचना मिलने पर विधायक मनोज पारस ने अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता को फोन पर घटना की जानकारी देकर कुत्ते को पकड़वाने की मांग की। नगर पालिका की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची तो पता चला कि कुत्ते को मोहल्लेवालों ने लाठी डंडों से पीट-पीटकर मार डाला है। विधायक मनोज पारस, आसपा नेता सरफराज मलिक तथा इकरार नेता आदि ने नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

सभी देशवासियों व अफ़ज़लगढ़वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मु. अफ़ज़ाल
अफ़ज़लगढ़ ( बिजनौर )

# कपिल चौधरी ने सड़क को फिर दुरुस्त कराया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी ने चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग पर पांडव नगर पुलिस चौकी के पास बाढ़ के पानी के तेज बहाव से दूसरी बार क्षतिग्रस्त हुई सड़क को अपने खर्च से सही कराकर वहां के लोगों का दिल जीत लिया, जिसके लिए खादर क्षेत्र के लोग कपिल चौधरी की प्रशंसा कर रहे हैं। सड़क सही होने के बाद काफी समय बाद इस मार्ग पर टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाने से लोगों ने राहत की सास ली है।

चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग पर पांडवनगर पुलिस चौकी के पास बाढ़ के पानी के तेज बहाव से सड़क कट जाने से आवागमन पूरी तरह से बन्द हो गया था। खादर क्षेत्र के साथ-साथ अन्य लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल चौधरी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन लगाकर टूटी पड़ी सड़क को सही कराया। मालूम हो कि इससे पूर्व भी बाढ़ के पानी के तेज बहाव से सड़क कट थी, तब भी कपिल चौधरी ने अपने खर्च से टूटी सड़क में सीमेंट के पाइप डालकर सड़क को सही कराया था। कपिल चौधरी का कहना है कि वे क्षेत्र की जनता के हर दुख-सुख में उनके साथ हमेशा से ही कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं और आगे भी इसी तरह से चलते रहेंगे।

# घर के सामने से कुत्ते के पिल्लों को उठा ले गया गुलदार

**पैजनिया ( चिंगारी )।** गांव के अथाई जमरूद्दीन मार्ग स्थित मोहल्ला यासीन नगर के एक घर के सामने से गुलदार ने कुत्ते के दो पिल्लों को उठाकर निवाला बना लिया। यह घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे मौहल्लेवासियों में दहशत व्याप्त हो गई और बच्चों ने घर से बाहर निकलना बंद कर दिया। घटना 13 अगस्त की बताई गई है। मौहल्ले के ही इदरीस ने बताया कि शनिवार को वह अपने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग टीवी स्क्रीन पर देख रहा था, इस दौरान बृहस्पतिवार की शाम करीब सात बजे उनके घर के बाहर बैठे कुत्तों के झुंड से गुलदार दो पिल्लों को उठाकर भागते हुए नज़र आया। शहाबुद्दीन ने बताया कि गुलदार की दहशत से पास में ही स्थित उनके स्कूल में भय के कारण बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं। साथ ही मौहल्लेवासी हाथों में लाठियां लेकर समूह में खेतों पर जा रहे हैं। मौहल्ले के कयामुद्दीन, आज़म खान, लतीफ, सद्दाम, अनस, इकबाल, रिटायर्ड फौजी मुश्ताक अहमद, सोनू सैनी आदि ने वन विभाग के अधिकारियों से जंगल में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान आया है। टीम भेजी जा रही है, पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# रोटेरियंस ने नशामुक्ति की शपथ ग्रहण की



**धामपुर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष गगनदीप सिंह, सचिव गुरदीप सिंह के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के भगत सिंह चौक पर पहुंचने पर सभी ने नशा मुक्ति की कसम खाई। यात्रा में डॉ. आदित्य अग्रवाल, एसपी सुलूजा, शिवेंद्र अग्रवाल, ललित गर्ग, गोल्डी गर्ग, मनीष गर्ग, अजीत चावला, डॉ. राजमोहन, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. पुलकित महेश्वरी, संदीप चौहान, संजय वर्मा शामिल रहे।

# जिला प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

## सांसद चंदन चौहान ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा आयोजित जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। सांसद चंदन सिंह चौहान ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती इन्दिरा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर, भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. बीरबल सिंह, हरजिन्दर कौर, रालोद नेता फैसल वसी, झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेन्द्र चौधरी, दीपक गर्ग उर्फ मोनू, ईओ रामपाल सिंह यादव, समस्त सभासद व पालिका स्टाफ मौजूद रहा। उद्घाटन के पश्चात सांसद चंदन चौहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर, चेयरपर्सन श्रीमती इन्दिरा सिंह, डा. वीरबल सिंह व अन्य अतिथियों ने नुमाइश परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों, संस्थाओं एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद चंदन चौहान ने कहा कि कृषि, उद्योग एवं संस्कृति से जुड़ी ऐसी प्रदर्शनी स्थानीय प्रतिभाओं, किसानों, उद्यमियों और कलाकारों को अपनी उपलब्धियां प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं।

### इस बार ज्यादा भव्य प्रदर्शनी

**गत वर्षों की तुलना में इस बार प्रदर्शनी ज्यादा भव्य है। प्रदर्शनी में शानदार झूले लगाये गये हैं। इसके अलावा मनोरंजन के लिये अनेक व्यवस्थाएं हैं। दुकानों को आकर्षक ढंग से लगाया गया है।**

# स्वतंत्रता दिवस पर लायंस क्लब ने आयोजित किया रक्तदान शिविर





**बिजनौर ( चिंगारी )**। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लायंस क्लब द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लायंस सदस्यों एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 25 यूनिट रक्तदान किया। ध्वजारोहण लायन अध्यक्ष पीयूष कुमार, सचिव लायन प्रशांत गोयल, वरिष्ठ लायन एस.के. बबली, लायन डॉ. शूरवीर सिंह, लायनेस श्रीमती कमला मुरारिया एवं लायन डॉ. योगेंद्र सिंह आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर लायन एस.के. बबली, ओमपाल कश्यप (जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय लोकदल, जनपद बिजनौर), लायन अचल अग्रवाल, लायन किरण गुप्ता, लायन अंकित गुप्ता, लायन उदय राठी, लायन विभोर कौशिक, लायन पंकज अग्रवाल, लायन पीयूष कुमार, लायन प्रशांत गोयल, लायन रंजन अग्रवाल, अभिषेक सिंह, लायन आशीष जैन एवं लायन जयवीर सिंह राठी सहित अनेक सदस्यों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर क्लब के सचिव लायन प्रशांत गोयल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। लायन डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने का कार्य नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को जीवन देने का संकल्प है। स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर रक्तदान कर समाजसेवा करना इस दिन को और अधिक सार्थक बनाता है। शिविर में लगभग 25 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। आयोजकों ने रक्तदान करने वाले सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लायंस क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

# रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ भव्य कार्यक्रम



**बिजनौर ( चिंगारी )**। रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के निर्देशन में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम शासनादेश के तहत वंदे मातरम् राष्ट्रगीत की प्रस्तुति दी गई तथा ध्वजारोहण किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान एवं झंडा गीत गाया गया। तत्पश्चात प्रबंध समिति के सदस्य प्रशांत गोयल के द्वारा देश की रक्षा, कर्तव्य निष्ठा तथा संविधान के सम्मान हेतु सभी को शपथ ग्रहण कराई गई। महाविद्यालय के द्वारा गोद लिये गये टीवी मरीजों को मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य श्री प्रशांत गोयल, श्री नंदकिशोर एवं प्राचार्या द्वारा खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। पौधारोपण समिति द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया। रानी मां का पुष्पार्चन करने के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति कक्ष में हुआ, जिसका प्रारंभ प्राचार्या प्रो पारुल त्यागी, प्रबन्ध समिति के सदस्य श्री प्रशांत गोयल, श्री नंदकिशोर, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मंजु चौधरी, शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष एवं आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर प्रो. मंजु अरोड़ा द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। संगीत विभाग द्वारा झंडा गीत-झंडा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्राचार्या के द्वारा उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा प्रेषित संदेश पढ़ा गया। प्रबन्ध समिति के सदस्य प्रशांत गोयल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी छात्राओं को वीर सेनानियों के विषय में पढ़ना चाहिए। बीएड. विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह देश को स्वतंत्र कराने वाले वीर शहीदों के बलिदान से छात्राओं को अवगत कराया। शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा योग के माध्यम से नृत्य प्रस्तुति दी गई एवं बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ज़ीनत द्वारा मां तुझे सलाम गीत गया गया। इसके उपरांत हर घर तिरंगा थीम के अंतर्गत आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के अंतर्गत छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ. दयावती देवी द्वारा किया गया।

# वरिष्ठ नागरिकों ने ध्वजारोहण किया, झंडा रैली निकाली




बिजनौर( चिंगारी )। स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर वरिष्ठ नागरिक समिति एवं गोल्डन लायंस क्लब बिजनौर के सदस्यों द्वारा वरिष्ठ नागरिक समिति कार्यालय पर संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। समिति के संरक्षक श्री जसवंत सिंह एवं अध्यक्ष डॉ. सुरेशचंद तोमर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगीत वन्देमातरम एवं राष्ट्रगान गाया गया। समिति के लगभग 40 सदस्यों ने भाग लिया। श्री जसवंत सिंह ने स्वतन्त्रता संग्राम प्रकाश डाला गया। बाबूराम, अतर सिंह, बलजीत सिंह द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। गोल्डन लायंस क्लब द्वारा प्रादेशिक स्तर की दो महिला हॉकी खिलाड़ी कुमारी दिव्या एवं साक्षी को उनके खेल के योगदान के लिए श्री जसवंत सिंह एवं डा. सुरेश तोमर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों से अपेक्षा की गई कि प्रत्येक व्यक्ति न्यूनतम दो नये सदस्य बनाएं और अपने जन्मदिन पर समिति को अपनी इच्छा से कुछ दान करें तो समिति की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। ध्वजारोहण के बाद झण्डा रैली भी निकाली गयी। ध्वजारोहण में जसवंत सिंह, डॉ. सुरेश तोमर, सुरेश कुमार, अशोक कुमार, ऋषि पाल, बलजीत सिंह, हरिशंकर गुप्ता, महेश पाल, केपी शुक्ला, घनश्याम सिंह, सूरज भान, एसपी रस्तोगी, गिरधारी श्रीमती आभा, श्रीमती पूनम आदि ने भाग लिया।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# मंडावर रिक्शा चालकों ने बड़ी धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस, ऐतिहासिक तिरंगा रैली निकाली



**मंडावर ( चिंगारी )**। मंडावर रिक्शा चालक एसोसिएसन रजि. इकाई मंडावर द्वारा 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। झंडा रोहण कर कस्बे में सैकड़ों रिक्शाओं के साथ ऐतिहासिक तिरंगा रैली निकाली गई। गीतों के साथ कस्बा गूंज उठा। रिक्शा चालकों द्वारा मंडावर मेन बस स्टैंड कार्यालय पर झंडा रोहण किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों व यूनियन पदाधिकारियों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। रिक्शा चालकों द्वारा यूनियन अध्यक्ष मोईन अहमद को पगड़ी बांधकर खूबसूरत कार्यक्रम करने पर बधाई दी। उसके बाद थाना प्रभारी विपिन कुमार, यूनियन अध्यक्ष मोईन अहमद ने संयुक्त रूप से झंडा रोहण किया, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने रिक्शा चालकों को सुंदर और ऐतिहासिक बधाई दी और कहा कि मुझे बड़ी खुशी हो रही है आज मंडावर कस्बे में रिक्शा चालकों में इतना जोश-खरोश है। उन्होंने रिक्शा चालकों को बधाई देते हुए कहा कि सब रिक्शा चालक पूर्ण रूप से यातायात नियमों का पालन करें। झंडा रोहण के बाद राष्ट्र गीतों के साथ सैकड़ों रिक्शाओं द्वारा कस्बे के मौहल्ला कस्साबान, बंजारान, अचारजान, अफगानान, शहविलायत, बाजार कला, मिर्दगान से होते हुए मंडावर बस स्टैंड चिंगारी कार्यालय पर पहुंची, जिसके बाद सभी को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर रिक्शा चालक एसोसिएसन इकाई मंडावर के अध्यक्ष मोईन अहमद, महामंत्री जगदीश कुमार, उपाध्यक्ष छत्रपाल सिंह, अब्दुल वाहिद, नसीम अहमद, जावेद महिगीर, नईम, राशिद कुरैशी, सरफुद्दीन शाह, छत्रपाल, सुरेंद्र कुमार, शमशुद्दीन, नाजिम अहमद, इस्तेखार अहमद, दिल्लू, वही कस्बे से वरिष्ठ सभास, शहजाद अहमद सिद्दीकी, मुस्तकीम एड., अमीर रॉक, नासिर उर्फ काला कुरैशी, गुल्लू, शाहवेज, विपुल गुप्ता, सभासद महेश कुमार, मूल्ला मुकिम, लाला सलब अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## तिरंगा हिंदुस्तानियों की शान बोले चेयरमैन अब्दुल मन्नान



**किरतपुर ( चिंगारी )**। 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर में कल एक ऐतिहासिक क्षण था, जब नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने मंदिर मोतीचूर के पास स्वागत द्वार पर 110 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे को रिमोट द्वारा फहराया और इस अवसर पर कहा कि तिरंगा हम हिंदुस्तानियों की शान है, देश के अमर शहीदों को नमन किया। इसके अलावा नगर में तिरंगा यात्राओं की भरमार रही है, पूरा नगर तिरंगामय हो गया। थाना प्रांगण में थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी, नगर पालिका ऑफिस पर अध्यक्ष अब्दुल मन्नान, मंडी समिति कार्यालय पर सचिव सचिन कुमार, सेंट पीटर्स में इस बार मेधावी छात्रों ओम गोयल, सार्थक चौधरी व मोहम्मद सालिक, एलडीआर स्कूल में अनिरुद्ध गोयल व प्रियांशु गोयल, बीजेपी कार्यालय पर अध्यक्ष गौरव पाराशर व रजनी कालरा, अलीपुरा चौक पर कस्बा इंचार्ज दीपक नागर, श्री देवा शंकर सरस्वती विद्या मंदिर में नगर पालिका ईओ मेघा गुप्ता, हिंदू इंटर कॉलेज में प्रबंधक अरुण अग्रवाल, मुस्लिम इंटर कॉलेज में काजी तारीक अली, मुस्लिम फंड में अध्यक्ष साइम, राजा स्टेट बैंक किरतपुर में प्रबंधक निशु तोमर, स्टेशन चौराहे पर भाजपा नेत्री रजनी कालरा, सीएचसी पर प्रभारी डॉ. ईश्वरानंद ने ध्वजारोहण किया।


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट ( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap ( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रिशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।



मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423





Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

# स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र निर्माण में योगदान की प्रेरणा देता है- डीएम जसजीत कौर

## 80वें स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्ट्रेट में हुआ भव्य कार्यक्रम







**बिजनौर( चिंगारी )।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखराज सिंह, पूर्व सैनिकों आदि को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, पूर्व सैनिकों एवं अन्य विशिष्टजनों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर सैनिकों का त्याग और बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को बनाए रखने तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना से वातावरण ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे



## स्वतंत्रता दिवस पर युवाओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, उमड़ा जनसैलाब

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष कार्तिक बालियान के नेतृत्व में एक भव्य एवं विशाल 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। आईटीआई से प्रारंभ हुई इस यात्रा में देशभक्ति के उत्साह से लबरेज इस यात्रा में हाथों में तिरंगा थामे और 'भारत माता की जय' व 'वंदे मातरम' के गगनभेदी जयकारों के साथ जब युवाओं का काफिला नगर के प्रमुख स्थानों जैसे शास्त्री चौक, जजी चौराहा, प्रदर्शनी चौक, पोस्ट ऑफिस चौराहा आदि स्थानों से गुजरा, तो पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया तथा मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष कार्तिक बालियान ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा देश को सशक्त और समृद्ध बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यात्रा में मुख्य रूप से हर्षित चिकारा, पुष्पेंद्र, सनी, रोहन राठी, राहुल, अजीत एडवोकेट, सनी एडवोकेट, राहुल सहित अन्य सैकड़ों युवाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। अंत में अमर शहीदों को नमन करने और राष्ट्रगान के सामूहिक गान के साथ यात्रा का सफलतापूर्वक समापन हुआ आईटीआई पर हुआ।

समस्त देशवासियों, कस्बेवासियों व मित्रों को 80वें स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



अमित कुमार राय
अमित मेडिकोज
झालू (बिजनौर)





## शक्ति पीठ पर गूंजे आजादी के नारे

**बिजनौर ( चिंगारी )। गायत्री शक्ति पीठ पर इंजीनियर रामपाल सिंह ने गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आजादी के नारे, वंदेमातरम् और राष्ट्रीयगान गाया गया। शक्ति पीठ पर विचार गोष्ठी भी हुई। अध्यक्षता रामपाल सिंह ने और संचालन बिजेन्द्र राठी ने किया। गोष्ठी में ओमपाल सिंह, प्रेम प्रताप सिंह, हुकुम सिंह शास्त्री, कुशाग्र, दीप्ति शर्मा, रामपाल सिंह, कमलेश शर्मा, साहू केदार नाथ, नर्मदा साहू, हरेन्द्र सिंह, केपी सिंह, प्रदीप भटनागर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा विश्व हिन्दू परिषद के प्रतिनिधियों ने भी विचार रखे। सभी ने बच्चों को संस्कारवान बनाने और राष्ट्रहित में काम करने का आह्वान किया, बाद में प्रसाद वितरण किया गया।**

# तीजोत्सव मनाया, झूले का आनंद उठाया





**बिजनौर ( चिंगारी )।** तीज पर्व के अवसर पर साकेत कॉलोनी, गीता नगरी, नई बस्ती, रामबाग और साहित्य विहार में महिलाओं ने उत्साह के साथ झूला झूलकर पर्व का आनंद लिया। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पारंपरिक परिधानों में सजकर तीज के गीत गाए और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। झूलों पर महिलाओं की खूब चहल-पहल रही। महिलाओं ने बारी-बारी से झूला झूलते हुए तीज पर्व की खुशियां मनाईं। इस दौरान वातावरण में लोकगीतों और हंसी-खुशी की गूंज सुनाई दी। महिलाओं ने तीज की परंपराओं को जीवंत रखते हुए उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। साकेत कॉलोनी में तीज मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने झूला झूलकर सावन के गीत गाए और एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियों को साझा किया। सभी ने तीज पर्व के सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की और तीज क्वीन संगीता बिश्नोई को बनाया गया। इस अवसर पर आशु विश्नोई, डॉ. नम्रता चौधरी, रेनू शर्मा, प्राची शर्मा, रेनू खन्ना, सुनीता खन्ना और साकेत कॉलोनी की सभी महिलाओं ने एक साथ मिलकर इस उत्सव को मनाया।

# गंगा बैराज पर शान से लहराया तिरंगा

## पालिका अध्यक्ष और सीडीओ ने किया लोकार्पण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का गंगा बैराज स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में भव्य लोकार्पण किया गया। बिजनौर नगर पालिका परिषद द्वारा स्थापित किए गए इस विशाल तिरंगे का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह व मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने संयुक्त रूप से विधि-विधान के साथ किया। लोकार्पण के बाद समारोह को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि बिजनौर नगर पालिका परिषद देश के गौरव के प्रतीकों और महापुरुषों को सम्मान दिलाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में गंगा बैराज पर राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि शहर के विभिन्न चौराहों पर महापुरुषों की भव्य प्रतिमाएं लगाई गई हैं, ताकि युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा मिल सके। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए भारी संख्या में सभासद और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह, सभासद हितेश सैनी, अमित ठाकुर, मानव सचदेवा, अफजाल पहाड़ी, लक्ष्मी वर्मा, प्रभाकर,अभिषेक अग्रवाल, मनोरमा शर्मा, अभिषेक राणा, सचिन गुप्ता, राजा, प्रिंस और अर्पित चौधरी मौजूद रहे। साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह, कर अधीक्षक नरेंद्रपाल सिंह, कर निरीक्षक ऋषिपाल, सुंदर लाल, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, अवर अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा, अवर अभियंता (सिविल) जसवंत सिंह और कर लिपिक नदीम अहमद सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस



**बुढ़नपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा अपने कैंप कार्यालय पर 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में झंडा फहराया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर ने पूरे भारतवर्ष के राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को 80 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शहजाद मलिक,सरताज, मौ. शाहे आलम, मौ. आजम अंसारी, मास्टर अफजाल, नसीम अहमद, इंतजाम, सितारे आलम, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, नकूल, सुशील, मौलाना इनामुल हक, रोहित कुमार, इकराम ठेकेदार, बाबू, फईम, इमरान, मौ. नूर आफताब, डॉ. दिलशाद, मोहम्मद अंजार, कालूराम आदि कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## समग्र विद्यालय अगरी ने गांव में प्रभातफेरी निकाली



**बिजनौर ( चिंगारी )।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समग्र विद्यालय अगरी द्वारा प्रभातफेरी का आयोजन किया गया और गांव के प्रत्येक कौने से गगनचुंबी नारों के साथ रैली निकाली गई। बच्चों ने ढोल नगाड़ों के साथ रैली में प्रतिभाग किया और समस्त ग्रामवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके उपरांत विद्यालय में ध्वजारोहण ग्राम प्रधान श्रीमती बबली और विद्यालय के प्रधान अध्यापक प्रशांत शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति से संबंधित अनेक प्रस्तुति दी। अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कार दिए। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक श्रीमती प्रतिमा राजस्थान, श्रीमती परवीन शमीम, दीक्षा, निशु, अमिता रानी, शैंकी चंद्र, नीलम रानी, रुचि आंगनबाड़ी, रेखा सहायिका उपस्थित रहे।

## प्रीति चौधरी चुनी गईं तीज क्वीन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** एलएनएस क्लब चेष्टा चांदपुर के तत्वावधान में हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती प्रीति चौधरी को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। यहां सिद्धि मित्तल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती मंजू त्यागी ने तीज के पावन पर्व का सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व बताया। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम हुए तथा महिलाओं ने झूला झूलकर पर्व का आनन्द लिया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष तनु भाटिया,नीतू अरोडा, भूमिका जैन, डिंपल अग्रवाल, दीपाली गर्ग, सिद्धि मित्तल, नीलम आर्य, लवी अग्रवाल, ज्योति पांडे व सोनम भाटिया आदि मौजूद रहीं।




खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।


पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेंसीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476






# रोटरी क्लब ने आयोजित किया भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम


कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर। साथ में भाजपा नेत्री हरजिंदर कौर व रो. गोपाल त्यागी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब, बिजनौर द्वारा पिछले 30 वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद बिजनौर के सहयोग से इंदिरा बाल भवन बिजनौर में किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि जिला अधिकारी जसजीत कौर, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने की। कार्यक्रम में सांसद चंदन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष सकेंद्र प्रताप चौधरी, एसडीएम सदर स्मृति मिश्रा, सीडीओ रणविजय सिंह, भाजपा नेत्री हरजिंदर कौर, भाजपा नेता डॉक्टर बीरबल सिंह, झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, अन्य क्लबों से आए अतिथिगण व समाजसेवी, संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य तथा शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



क्लब अध्यक्ष रो. कौशल शर्मा, सचिव रो. गोपाल त्यागी व क्लब सदस्यों रो. अचिंत्य कुमार गर्ग, रो. अमित सरीन, रो. अनूप कुमार गर्ग, रो. गौरव भारद्वाज, रो. मोहित सिंघल, रो. रजत जैन, रो. शिरीष खन्ना, रो. सुधीर अग्रवाल द्वारा सभी गणमान्य व्यक्तियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। एनी उर्वशी महर्षि, एनी एकता भारद्वाज, एनी सीमा त्यागी, एनी अलका अग्रवाल, एनी नीति सरीन द्वारा सभी महिला अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा राष्ट्रगीत एवं बिजनौर पब्लिक स्कूल द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। एएन इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, मॉर्डन ऐरा पब्लिक स्कूल, एमडी इंटरनेशनल स्कूल, मैरिटा पब्लिक स्कूल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एवं आरजेपी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। क्लब सचिव गोपाल त्यागी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं संचालक रो. प्रशांत महर्षि रहे।



## उत्साहपूर्वक मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर मॉर्डन ऐरा पब्लिक स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार चौधरी, विद्यालय अध्यक्ष ठाकुर गजेंद्र सिंह, विद्यालय प्रबंधक सीमित सदस्य नमन चौधरी व विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत के कमलों द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगा रंग देश भक्ति कार्यक्रम कर प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधक ने स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि आजादी को पाने के लिए अनेक वीर शहीदों ने अपने प्राण हंसते-हंसते न्योछावर कर दिए, इसलिए हमें अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठापूर्वक करना चाहिए यही उन शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने सभी का आभार प्रकट करते हुए विद्यार्थियों का उत्सवर्धन किया और वीर शहीदों को सलामी दी।

## 6500 फीट बड़ा तिरंगा लहराया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगरपालिका परिषद ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने पालिका कार्यालय पर तिरंगा फहराया। चेयरमैन व उनके पुत्र सहल खान ने एमजीएम इंटर कॉलेज के अध्यापकों व विद्यार्थियों के सहयोग से नगर के स्टैब्स ग्राउंड पर 6500 फीट बड़ा तिरंगा लहराया। इस कार्यक्रम में शामिल बच्चों व सम्मानित लोगों का बारिश के बावजूद उत्साह व जज्बा कम नहीं हुआ। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने एमजीएम इंटर कॉलेज के टीचर व विद्यार्थियों की सराहना की। कार्यक्रम में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म, ईओ मुक्ता सिंह, राकेश जुनेजा, अजमल खान, फराज, फैसल, सभासद मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद रिजवान, इंदू देवी, निर्देश देवी, मोहम्मद सिराज, अनीस अहमद, मोहम्मद दानिश, इब्राहीम एडवोकेट, राजेश कुमार, इरशाद अहमद, कलवा शेख मंसूरी, राजीव गोल्डी, रिजवान अहमद, सिराज अहमद, नासिर कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे। चेयरमैन ने झंडा चौक व एमजीएम इंटर कॉलेज में भी ध्वजारोहण किया।

## मुठभेड़ में एक अभियुक्त गिरफ्तार, साथी फरार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पुलिस ने मुठभेड़ में अवैध शस्त्रों व पशुवध के उपकरणों के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। नजीबाबाद पुलिस ने समीपुर के जंगल के रास्ते में चैकिंग के दौरान मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए एक अभियुक्त फरमान पुत्र अकबर निवासी मौहल्ला कुरैशियान जलालाबाद को बाइक संख्या यूपी 20ए-6794 पर जाते हुए गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार फरमान ने बताया कि वह दोनों आवारा गौवंशीय पशुओं को पकड़कर जंगल में ले जाकर उनका वध कर मांस आसपास के क्षेत्रों में बेचते हैं। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक तमंचा, खोखा, जिंदा कारतूस व पशुवध के उपकरण बरामद किये।

## विजन कॉलेज नजीबाबाद के बीपीटी छात्रों ने परीक्षा में लहराया सफलता का परचम



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद के विजन कॉलेज के फिजियोथेरेपी स्नातक के द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें अदीबा नाज, अयान रज़ा, अजीम अहमद, फीहा नाज़, मौ. शैज, रूफैदा खान व शाहजेब आदि ने बीपीटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज़न कॉलेज के निदेशक मौ. अय्यूब ने उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र/छात्राओं को कॉलेज परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। इसके साथ ही उन्होने भविष्य में इससे भी अच्छे अंक प्राप्त करने एवं सशक्त भारत की तरक्की में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के अभिभावकों ने उपस्थित होकर अपने बच्चों की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में शिक्षक आयुष डेरन, मोबीन, कु. मन्तशा जैदी, हर्ष कुमार, गुफरान काजी, मौ. अनवर, जावेद हमीद, कु.. अनुशा, सुशील कुमार, धन्वती आदि ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## पुलिस को देखकर पटाखा छोड़ने वाली बाइक छोड़ भागे युवक

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पुलिस अधिक्षक अभिषेक झा के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में मंडावली थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल में सैलेंसर के द्वारा पटाखे जैसी आवाज निकालते हुए बाइक सवार आते दिखे। पुलिस ने बाइक को रोकने का प्रयास किया लेकिन बाइक सवार बाइक को छोड़ कर भाग गए। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बाइक को सीज कर दिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक को सीज किया गया है। इसके अलावा दो बाइक लावारिस मिली है, जिन्हें छोड़ कर बाइक सवार भाग गए। पुलिस जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में शान्ति का माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस तैयार है। किसी को भी हुड़दंग नहीं करने दिया जाएगा। क्षेत्र में माहौल बिगाड़ने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शान से निकली तिरंगा यात्रा, हर जाति-धर्म के लोग हुए शामिल




**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी एकता परिषद द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा शहर में भव्यता के साथ निकली गई। यात्रा में सभी जाति-धर्म और राजनैतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग देशभक्ति की भावना के साथ शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा पूर्व चेयरपर्सन पति एवं परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी के कैम्प कार्यालय से प्रारम्भ हुई,जिसका उद्घाटन भाकियू (अराजनैतिक) के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, वरिष्ठ सपा नेता डॉ. रमेश तोमर, शमशाद अंसारी, मीडिया प्रभारी अख़लाक़ पप्पू, व्यापारी एकता परिषद के मंडल अध्यक्ष मो. काशिफ, प्रदेश प्रवक्ता चरत सिंह, जिलाध्यक्ष अनुज मानव शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजीव वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नईम अंसारी, मीडिया प्रभारी तारिक मसरूफ, युवा अध्यक्ष विजय मोहन गुप्ता, प्रशांत चौधरी, अजहर बुखारी, मुस्कान, फहीम अहमद, पूर्व सभासद वसीक अहमद, मुस्तकीम, आशीष गुप्ता, अब्दुल अजीम, शिव शर्मा, मो.जैद, अफशीन रागिब, मौ. रागिब, जुनेद, मुनेन्द्र सिंह, मो. आसिफ, अंशुल कुमार, मो. आबिद, विपिन कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। तिरंगा यात्रा में नगर पालिका के सभासद मो. शहज़ाद, आदिल एडवोकेट, मुस्तकीम अहमद, सपा नगर अध्यक्ष काशिफ खान, निज़ाम अंसारी, राशिद, असलम इरफ़ान, अमजद पंजाबी, मो. अरशद, मोहसिन, नदीम अहमद, शालू, आबिद सिद्दीकी, मैराज, आसिफ सिद्दीकी उर्फ पाशा, फहीम ठेकेदार, नासिर, नवाब, आसिफ मलिक, अनवर, राउफ,रईस ठेकेदार, आज़म, हातिम शाह, अज़ीम अंसारी, मुजम्मिल, फुरकान, आमिर, शहबाज़, अनवर आदि का विशेष योगदान रहा।

स्वतन्त्रता दिवस की 80वीं पावन बेला पर धामपुर विधानसभा क्षेत्र के समस्त सम्मानित मतदाताओं, आज़ाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारियों को नीला सलाम के साथ हार्दिक शुभकामनाएं।



चन्द्रशेखर आज़ाद
मा. सांसद नगीना लोकसभा क्षेत्र
एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी



जावेद अली खान
जिला पंचायत सदस्य
एवं सम्भावित प्रत्याशी
आज़ाद समाज पार्टी ( कांशीराम )
धामपुर विधानसभा सभा क्षेत्र

# धामपुर शुगर मिल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धामपुर शुगर मिल के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल एवं उपाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सिक्योरिटी हेड अजय कुमार पांडेय के संचालन में सिक्योरिटी विभाग की टीम ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। राष्ट्र ध्वज फहराने के उपरांत चेयरमैन अशोक कुमार गोयल के द्वारा धामपुर शुगर मिल की सोच शीर्षक पर आधारित दृष्टिकोण पट का अनावरण किया। कार्यक्रम के अंत में मेघा अधिकारी, संध्या यादव, विवेक सिंह, प्रदीप कुमार एवं मोहम्मद आसिफ ने देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शुभम कुमार, जीशान मलिक, पंकज भारद्वाज, योगेंद्र, राजेश कुमार तथा यूनियन के प्रतिनिधियों प्रीतम सिंह बलराज, शिखर चंद, धर्मेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, प्रदीप सिंह, बरन सिंह, वीरेंद्र यादव, नरदेव आदि को मैनेजमेंट की तरफ से पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए शुगर मिल के चैयरमेन कुंवर अशोक कुमार गोयल।

इस अवसर पर विकास अग्रवाल, सुनील राणा, सतवीर सिंह, लायक राम, पंकुल अग्रवाल, मुकेश कश्यप, करुण अग्रवाल, तरुण राणा, लव कुश चौहान, विनोद बिष्ट, मनोज चौहान, अजय पांडेय, हिमांशु शर्मा, हारून रशीद खान, वेंकटेश चालकी, अनुज मलिक, योगेंद्र कुमार, विनोद राणा, दुर्गेश राठौर, स्मृति यादव, राने सिंह, शरद गहलोत, भरत भूषण बरनी, संजय अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, रणवीर सिंह, अरुण कुमार, पुनीत चौहान, सौरभ वर्मा, चंद्रभान वर्मा, लवीश कुमार, वीरेंद्र सिंह, करन वीर सिंह, सुभाष कश्यप, अमित कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता एवं तरुण राणा ने संयुक्त रूप से किया।

## जेके मॉडर्न अकादमी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के सदियों के संघर्ष, बलिदान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक 15 अगस्त जे.के. मॉडर्न अकादमी धामपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्कूल प्रबंधक जितेंद्र कुमार चौहान, निर्देशिका कनक चौहान, उप प्रधानाचार्य सुमित शर्मा व क्रीड़ा अध्यापक मनीष वर्मा के द्वारा झंडा फहराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।


झंडा रोहण करते हुए जितेंद्र चौहान।

## डॉ. प्रेमचन्द ने कई स्थानों पर किया ध्वजारोहण

### अमर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर क्षेत्रीय, विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ऋषिकेश स्थित अपने कैंप कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, मंडल महामंत्री दीपक बिष्ट, संजीव पाल, अरविंद चौधरी, अशोक पासवान, कविता शाह, दीपा राणा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इसके उपरांत डॉ. अग्रवाल ने हर ज्ञानचंद शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में श्रीमती नगीना रानी गुसाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख, ईश्वर चंद्र अग्रवाल, गणेश भट्ट, प्रीतम सिंह पाल, कैलाश मित्तल, आनंद गुप्ता, हरिओम गुप्ता, विनय जिंदल, प्रधानाचार्य महेश गुप्ता सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके बाद डॉ. अग्रवाल ने डोईवाला स्थित चौक पर भी ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर ईश्वर चंद्र अग्रवाल, नीरज गुप्ता, कैलाश मित्तल, प्रीतम पाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार एकता समिति ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया


ध्वजारोहण करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** 80 वें स्वतंत्रता दिवस एवं वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वर्णकार एकता समिति द्वारा स्वर्णकार चौक पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विनीत वर्मा, उपाध्यक्ष मूला शर्मा, गणेश मराठा, महामंत्री मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, विकास रस्तोगी, दीपू वर्मा, विभु वर्मा, नरेश वर्मा, रामू सैनी, संजीव वर्मा, राजीव वर्मा आदि सदस्य शामिल रहे। इस दौरान स्वर्णकार चौक देशभक्ति के तरानों से गूंज उठा।

## एसबीडी में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस


स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** एस.बी.डी. महिला महाविद्यालय मे 80 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की व्यवस्थापिका श्रीमती रेणु गोयल एंव प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने ध्वाजारोहण किया। उसके बाद समागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम से हुआ। कार्यक्रम में प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, उपसचिव अजय माहेश्वरी योगेश गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीलम पाल द्वारा किया गया।

## मौन मार्च निकालकर विभाजन विभीषिका के शहीद पुरखों को दी श्रद्धांजलि

**धामपुर ( चिंगारी )।** 1947 के देश विभाजन की त्रासदी में विस्थापन के दौरान शहीद हुए 10 लाख से अधिक पुरखो को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पंजाबी और सिख समुदाय द्वारा 14 अगस्त को मौन मार्च निकाला गया जो गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से आरम्भ होकर सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी व नगीना चौराहा से होता हुआ सुभाष चौक पहुंचा यहाँ पंजाबी बिरादरी व अन्य समाज के गणमान्य प्रतिनिधियों द्वारा मोमबत्ती जलाकर शहीद पुरखों को श्रद्धांजलि दी गयी। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के सचिव स. गुरुचरन सिंह चावला, सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी के अध्यक्ष जितेंद्र मोहन कपूर, सचिव जगदीश अरोड़ा, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, डॉ. विनय दुआ ने कहा कि विभाजन का जख्म अभी भी अपने अंदर महसूस होता है। इस मौन मार्च व श्रद्धांजलि में राजेश छाबड़ा, स. अवतार सिंह मोहन, स. गुरशरण सिंह मोहन, स. सतमीत सिंह मनी, स. सतवंत सिंह सलूजा, निखिल छाबड़ा सन्नी, राजीव छाबड़ा, राजेंद्र दुआ, स. सुरेंदर सिंह हुड्डा, नितिन छाबड़ा, मोती शर्मा, स. गुरदीप सिंह चावला रोमी, एस.पी. सलूजा, प्रभात सिंधवानी एडवोकेट, कपिल तुली, प्रदीप सचदेवा, स. गगनदीप सिंह चावला, स. जसप्रीत सिंह चावला रॉकी, डा. विकास डाबर, सुरेश छाबड़ा, लोकेश छाबड़ा, स. गुरमीत सिंह काका, पंकज भटनागर( श्रीमद हनुमत सेवा ),पराग अग्रवाल, अनिल शर्मा इंजीनियर, अभिषेक गुप्ता, संदीप पुरी, स. त्रिलोचन सिंह, गुलशन छाबड़ा, स. इंदरजीत सिंह सोनू आदि की उपस्थित रहे।



# आज़ादी का जश्न अनूठे ढंग से मनाया, 101 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर में आजादी का पर्व अनूठे अंदाज से मनाया गया। 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर 101 फीट का तिरंगा लहराकर आजादी का जश्न मनाया गया। विधायक अशोक राणा ने तिरंगा स्थल का लोकार्पण किया, जिसके बाद विधायक अशोक राणा, चेयरमैन फैसल वारसी, उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से 101 फीट ऊचा ध्वजारोहण किया गया । विधायक अशोक राणा ने कहा कि फव्वारा चौक पर 101 फीट के तिरंगे को फहराया जाना नगर के लिए गौरवमयी क्षण है । स्योहारा नगर में ये तिरंगा हमेशा वीरों के बलिदान की गाथा को दर्शाता रहेगा। चेयरमैन फैसल वारसी ने कहा कि यह नगर के विकास और आजादी का प्रतीक है। उन्होंने वादा किया था कि वह नगर का चहुमुंखी विकास करेंगे। हनुमान



101 फीट तिरंगे का लोकार्पण करते विधायक अशोक राणा।

मंदिर पर 51 फीट का तिरंगा चेयरमैन द्वारा फहराया गया। फव्वारा चौक पर ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, मुकेश रस्तौगी, अमित शर्मा, अरविंद ढाक, मनोज भटनागर, विनोद तोमर, मोहम्मद नोमान, जब्बार, बब्बू कुरैशी, प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, मोहम्मद शान, मुकुल विश्नोई, नगर पालिका स्टाफ, सभासद एंव गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# रूकनपुर में शहीद शिवम कुमार की प्रतिमा का अनावरण



**बिजनौर/खासपुरा ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन बिजनौर, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद शिवम कुमार के पैतृक गांव रुकनपुर स्थित शहीद स्थल पर उनकी प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर शहीद शिवम कुमार के माता-पिता एवं उनकी धर्मपत्नी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतिमा के अनावरण के दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद शिवम कुमार को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम में महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक खासपुरा निवासी यशपाल सिंह पूर्व सैनिक संगठन के संरक्षक ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश की अमूल्य धरोहर है। शहीद स्थल आने वाली पीढ़ियों को उनके त्याग, साहस और देशभक्ति की याद दिलाता रहेगा। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अरविंद कुमार लांबा, महासचिव नरेश कुमार, चांदपुर तहसील संरक्षक मुनेन्द्र पाल सिंह, चांदपुर तहसील अध्यक्ष खिलेंद्र सिंह, धामपुर तहसील संरक्षक सौवीर सिंह, मुस्ताक अहमद, इस्तियाक अहमद, संजीव कुमार, श्री चेतराम सिंह, महिपाल सिंह, रवींद्र धारीवाल, धीर सिंह,मुकेश कुमार, रणदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# समर्पण सेवा संस्थान ने मेधावियों को सम्मानित किया

**नगीना ( चिंगारी )।** गांधी मूर्ति तिराहे पर समर्पण सेवा संस्थान के सम्मान समारोह में नगर के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावियों को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य व पूर्व विधायक लवकुश कुमार, एसडीएम प्रिंस




मेधावी छात्रा को प्रशस्ति पत्र देते एसडीएम और अन्य अतिथि।

कुमार, क्षेत्राधिकारी राकेश सोलंकी, पूर्व सांसद मुंशी रामपाल, पूर्व विधायक सतीश गौतम, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चौधरी फूल सिंह, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, गन्ना समिति नगीना के चेयरमैन अनिल राणा, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, मदरसे के प्रबंधक उवेश अकरम, समाजसेवी डॉ.अंजू विश्नोई आदि ने छात्र -छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में हिंदू इंटर कॉलेज से नमन, रोहन कुमार, इशरा परवीन, मुस्कान वर्मा, गीता, दयानंद वैदिक कन्या इंटर कॉलेज से यशिका, नाजिया परवीन, एमएम इंटर कॉलेज से मुनीर अहमद अंसारी, मंतशा, अफजा, सानिया, ऐके मुस्लिम इंटर कॉलेज से इकरा, सानिया, एलआरएस पब्लिक स्कूल से पावनी जैन, अल्फिया खालिद, बीरेंद्र पाल सिंह, गोयल पब्लिक स्कूल से मो.आतिफ, स्पर्शी विश्नोई, दिव्यांशी सिसोदिया, अग्रसेन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से अनु को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# भंडारे में शिवभक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

## तहसील प्रशासन की ओर से रामलीला बाग पर भंडारे का आयोजन

**नगीना ( चिंगारी )।** सावन माह के अवसर पर नगीना तहसील की ओर से आयोजित भंडारे में शिवभक्तों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। रामलीला बाग स्थित मां काली मंदिर पर भंडारे का शुभारंभ एसडीएम प्रिंस कुमार ने किया।



भंडारे में सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लगा रहा। एसडीएम प्रिंस कुमार, तहसीलदार हेमराज सिंह, सीओ राजेश सोलंकी, थानाध्यक्ष विकास कुमार ने शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया। तहसील के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी भंडारे की व्यवस्थाओं में जुटे रहे। शिविर में नजीबाबाद एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार संतोष सिंह यादव, नगीना नायब तहसीलदार पंकज राणा, श्याम सुंदर, ईओ सतीश कुमार, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील, कानूनगो नीरज चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता की रक्षा हमारी जिम्मेदारी - डॉ. बीरबल

## रामपाल सिंह महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**चंदक ( चिंगारी )।** रामपाल सिंह महाविद्यालय चंदक में 80 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह, सचिव तपराज सिंह देशवाल, प्रबंध समिति की सदस्य डॉ. शिवानी सिंह व प्राचार्या डॉ रूबी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती व भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि इसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी है। विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना चाहिए। महाविद्यालय सचिव श्री तपराज सिंह देशवाल ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद ने बच्चों को बताया कि आजादी हमें ऐसे ही नहीं



मिली इसके लिए हमारे कितने ही देशभक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, इसलिए आजादी का महत्व समझें। डॉ शिवानी देशवाल ने अपने भाषण मे विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे मे बताया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में अनेक गतिविधियां आयोजित की गयी जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, सेल्फी विद तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा छात्र छात्राओं द्वारा महाविद्यालय से चंदक तक निकाली गयी। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगे वितरित किये गये। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में बी. ए, बी. कॉम व बी. एससी अंतिम वर्ष में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में करायी गयी प्रतियोगिताओं मे भी अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट वितरित किये गये। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रूबी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती मीनाक्षी राजपूत, दीपक कुमार, डॉ. नीलम शर्मा, मोनिका सैनी, गौरव राठी, प्रिया मलिक, शुभम कुमार, ऋषभ राठी, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ रेनू राजपूत ने किया।

# स्वाधीनता दिवस पर भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

## तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान : गौरव नौटियाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी, कोटद्वार द्वारा हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा महाराजा वैडिंग प्वाइंट से प्रारंभ होकर मालवीय उद्यान पहुंची, जहां आयोजित सभा के उपरांत यात्रा का समापन हुआ।

तिरंगा यात्रा में सैकड़ों युवाओं, छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं प्रबुद्धजनों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रध्वज लेकर उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और राष्ट्रभक्ति के नारों से कोटद्वार का वातावरण गूंज उठा। प्रतिभागियों ने स्वाधीनता संग्राम के महानायकों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा भारतीय सेना के वीर शहीदों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल ने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, गौरव और एकता का प्रतीक है। हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के माध्यम से युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि तिरंगा यात्रा ने कोटद्वार में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत किया है।

इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक उमेश त्रिपाठी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बीरेंद्र रावत, सुमन कोटनाला, तिरंगा यात्रा संयोजक एवं जिला महामंत्री सुरेन्द्र आर्य, जिला उपाध्यक्ष हरी सिंह पुंडीर, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा एडवोकेट शांता बमराड़ा, जिला उपाध्यक्ष विजयानंद पोखरियाल, खेल प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक सौरव नौडियाल, सुखरो मंडल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल, भाबर मंडल अध्यक्ष आशीष रावत, जिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रमोद डोबरियाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शशि बाला केष्टवाल, सुनीता देवी, उम्मेद सिंह नेगी, आरती खर्कवाल सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के समस्त नगरवासियों को 15 अगस्त 2026 (स्वतंत्रता दिवस समारोह) के पावन पर्व पर हार्दिक बधाई।

अपील

1- स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करें।
2- नालियों में कूड़ा करकट न फेंके।
3- घरों का कूड़ा कूड़ेदान या कूड़े वाली गाड़ी में ही डालें।
4- सूखा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग रखें एवं कूड़ें को नगर निगम कोटद्वार के कूड़ा वाहन में ही डालें।
5- कूड़े को जलायें ना, कूड़ा जलाना कानूनन अपराध है।
6- कूड़े को इधर-उधर सड़कों, पार्कों एवं नालियों में न डालें।
7- नगर निगम कोटद्वार को पॉलिथीन मुक्त बनाने में सहयोग करें।
8- डेंगू के प्रकोप से बचने के लिये अपने आस-पास पानी इकट्ठा न होने दें।
9- अपने पालतू जानवरों को लावारिश न छोड़ें, ऐसा करने पर आप पर जुर्माना लग सकता है अथवा सजा हो सकती है।
10- नगर निगम कोटद्वार द्वारा आरोपित करों का समय पर भुगतान करें।
11- नगर निगम कोटद्वार की सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान न पहुंचायें।

| पी.एल. शाह | सदस्य | शैलेन्द्र सिंह रावत |
| --- | --- | --- |
| नगर आयुक्त | पार्षदगण | महापौर |
| नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार | नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार | नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार |

# यह देश मेरी जान है, ईमान है मेरा...



## एनडीएस में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सत्य, शील एवं करुणा की प्रतिमूर्ति महंत राम सिंह महाराज, संत श्री जोध सिंह महाराज के मंगलमय आशीर्वाद के साथ एन.डी.एस. ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण, विद्यालय के चेयरमेन डॉ. एस.एन. सूरी, शैक्षिक सलाहकार श्रीमती रेणु सूरी विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ललिता कृष्णास्वामी, वरिष्ठ समन्वयक मुकुल तायल, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती नीरु अरोड़ा शिक्षक वर्ग एवं समस्त निर्मल दीप परिवार की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय के छात्र अथर्व पोखरियाल ने देशभक्ति की कविता 'उस भारत से आता हूं' पढ़ी तथा विद्यालय की छात्रा तृप्ति ने ओजस्वी भाषण द्वारा स्वतंत्रता का महत्व समझाया। विद्यालय के गायन समूह द्वारा गाए गए समूह- गान 'यह देश मेरी जान है ईमान है मेरा' ने समस्त वातावरण में देशभक्ति की लहर बिखेर दी। प्रधानाचार्या श्रीमती ललिता कृष्णास्वामी के ओजस्वी वक्तव्य द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया इसके पश्चात समस्त विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण किया गया।

# केन्द्रीय विद्यालय किशनपुर में ऋतु खंडूडी ने किया मेडिकल रूम का उद्घाटन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर के किशनपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय में डॉ. लाल पैथोलॉजी लैब द्वारा स्थापित मेडिकल रूम का विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने विधिवत उद्घाटन किया। मेडिकल रूम में विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों से संबंधित आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखना भी आवश्यक है। मेडिकल रूम की सुविधा से बच्चों को आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय परिसर में ही तत्काल प्राथमिक उपचार मिल सकेगा। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत विधानसभा अध्यक्ष ने सभी बच्चों को तिरंगा वितरित किया और उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं देशभक्ति की भावना के साथ अभियान में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा मखीजा, अजय उनियाल, पार्षद जे.पी. बहुखंडी, राजीव डबराल, प्रमोद केष्टवाल, कमल नेगी, सुदर्शन नेगी, अनिल गौड़, राजू नेगी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारी आश्रम ने चलाया नशा मुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान

## महाअभियान में प्रशासन करेगा हर संभव सहयोग : एसडीएम

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** हरिद्वार रोड स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में स्वस्थ, विकसित, समृद्ध एवं स्वर्णिम राष्ट्र के निर्माण तथा देशवासियों को नशे की बुराई से मुक्त करने के उद्देश्य से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय व भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में 10 करोड़ नशा मुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान का आयोजन 20 अगस्त तक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज् ऋषिकेश केंद्र द्वारा शहर के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त जीवन जीने की प्रतिज्ञा दिलाई जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्र संचालिका बीके आरती ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित एवं



सकारात्मक जीवनशैली अपनाने में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने सभी लोगों को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने की प्रतिज्ञा दिलाई।

एसडीएम सुश्री अंकिता जोशी ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के इस पुनीत प्रयास में प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा। मेयर शंभू पासवान ने कहा कि किसी भी बुरी आदत को छोड़ने के लिए सबसे पहले मन में दृढ़ संकल्प होना आवश्यक है। इसके लिए किसी लिखित समझौते की नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है। ढालवाला सब-सेंटर की संचालिका बीके निर्मला दीदी ने कहा कि नशामुक्ति का संदेश हर घर तक पहुंचाना होगा और समाज में जागरूकता की अलख जगानी होगी। कार्यक्रम का संचालन बीके प्रकाश भाई द्वारा किया गया 200 से अधिक ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों एवं अन्य सहभागियों ने नशामुक्त जीवन जीने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

//23+ years of LEGACY

THE FUTURE WITH ARTIFICIAL INTELLIGENCE.

Degree Programme

- B.V.Sc & A.H.
- BAMS
- BNYS
- B.Pharmacy
- Post Basic BSc Nursing
- B.Sc. Nursing
- B.P.T.
- B.M.L.S.
- B.Optometry
- B.Sc. Microbiology
- B.Sc. Biotechnology
- B.Sc. Food Technology
- B.Tech (CSE)
- BCA
- B.Sc. (Computer Sc.)
- BBA
- BBE
- B. COM
- BA LL.B
- BBA LL.B (Hons.)
- B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)
- B.Sc. Home Science

Diploma Programme

- Diploma in Agriculture
- Diploma in Veterinary Science
  Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
- Diploma in Pharmacy
- Diploma in Engineering (Polytechnic)
- Diploma in Elementary Education (BTC)
- G.N.M. I A.N.M.

CONTACT US:
7055604050
7055604040

www.vivekuniversity.ac.in

VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701



सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रकाश नर्सिंग होम

प्रो. पवन कुमार सैनी — डायरेक्टर

डॉ. सुषमा सैनी — जनरल नर्सिंग स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. सौभाग्य गद्दाम वाणी — स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, एमबीबीएस डीजीओ

इमरजेंसी सेवा 24 घंटे उपलब्ध

निकट- सीआर बैंकेट हॉल, हल्दौर रोड, नहटौर ( बिजनौर )









डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लि. सहारनपुर

प्रधान कार्यालय : रेलवे रोड, सहारनपुर-247001 ( उ.प्र. )

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2026

डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लि., सहारनपुर की प्रबंध समिति के सदस्यों एवं बैंक कर्मचारियों/अधिकारियों की ओर से सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

चौ. राजपाल सिंह चेयरमैन जिला सहकारी बैंक, सहारनपुर









सभी नगर वासियों को
सय्यद आसिफ अली की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
सय्यद आसिफ अली
सय्यद जुनैद अली


80वें स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन की सभी जनपदवासियों, व्यापारियों, ग्राहकों एवं शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं
व्यापारियों के हित में कार्य करने हेतु संकल्पबद्ध
स. सतवंत सिंह सलूजा
प्रदेश प्रभारी
जावेद रहमान शम्सी
मण्डल प्रभारी, मुरादाबाद
एस.पी. सलूजा
वरिष्ठ रोटेरियन एवं नगर अध्यक्ष धामपुर
पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
आवास- धामपुर जिला ( बिजनौर )


समस्त क्षेत्रवासियों, शिक्षक/शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
यशपाल सिंह
ब्लॉक अध्यक्ष
उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, कोतवाली


समस्त नगीनावासियों को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ, नगीना
नफीस अहमद, टिकेंद्र बिश्नोई, सुनील गोयल, सतीश मल्होत्रा ( शेरू ), दिनेश बिश्नोई आदि
अनुज कुमार
पूर्ति निरीक्षक,नगीना


समस्त नगीनावासियों को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
अफजाल कुरैशी
पूर्व सभासद,
समाजसेवी
नगीना


समस्त नगीनावासियों को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डीवीएम महाविद्यालय एवं टेक्निकल कॉलेज
( कोतवाली रोड नगीना )
डीवीएम इंटर कॉलेज ( अंबेडकर नगर नगीना )
इंजी. अमित गुप्ता
( प्रबंधक )
मोहित गुप्ता
( सचिव )


सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खुशखबरी खुशखबरी खुशखबरी
आपके शहर नगीना में
अपोलो टायर
की एजेन्सी खुल गई है।
अपोलो टायर लेने के लिए सम्पर्क करें।
जमील खान
apollo TYRES
go the distance™
हमारे यहां ट्रक, बस, ट्रैक्टर, कार, बाइक, मेट्रो रिक्शा आदि सभी प्रकार के अपोलो टायर उपलब्ध हैं।
F.K. TYRE HOUSE
M.: 9997572302, 9368296109
Add.: Near Raipur Bus Stand, Nagina (Bijnor) U.P. 246762


सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकानाएं
डा. जी.आर. सैनी
हड्डी रोग विशेषज्ञ
मौहल्ला लाल सराय, नगीना







## उत्तर प्रदेश में 332 नायब तहसीलदार बने तहसीलदार, सरकार ने जारी किया पदोन्नति आदेश

**लखनऊ, (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चयन वर्ष 2026-27 के नियमित चयन के तहत 332 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार पद पर पदोन्नत किया है। इस संबंध में राजस्व परिषद की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि पदोन्नति का निर्णय छह और सात अगस्त 2026 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में की गई संस्तुतियों के आधार पर लिया गया। पदोन्नत अधिकारियों को विभिन्न जनपदों में तहसीलदार पद पर नियुक्त किया जाएगा।







सभी देशवासियों, नगरवासियों,
भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं,
शुभचिंतकों, दोस्तो सहित
नगर की सम्मानित जनता को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
मुबारकबाद
नफीस अहमद कुरेशी
पूर्व चैयरमैन, नगर पालिका परिषद अफजलगढ़
एवं भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष
तथा
संभावित प्रत्याशी अध्यक्ष पद हेतु
नगर पालिका अफजलगढ़ (बिजनौर)


शिक्षार्थ आइये!
सेवार्थ जाइये!
स्थापना वर्ष 1969
सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय, धामपुर
नैक मूल्यांकित संस्था
( गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से सम्बद्ध )
80वें स्वतंत्रता दिवस की सभी छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षिकाओं को
हार्दिक शुभकामनाएं
अनुदानित विषय- कला स्नातक एवं स्नातकोत्तर हिंदी, राजनीति विज्ञान
बीएड एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त
श्रीमती जसजीत कौर
पदेन अध्यक्ष
एसबीडी कालेज, धामपुर/
जिला अधिकारी ,बिजनौर
विशेषताएं- एनएसएस, एनसीसी, रोवर रेंजर्स की सुविधा उपलब्ध है।
अनुभवी एवं योग्य शिक्षिकाएं, प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास, व्याख्यान कक्ष,पुस्तकालय खेल कूद का मैदान
श्रीमती रेणू गोयल
( प्रबंधक )
प्रोफेसर पूनम चौहान
( प्राचार्या )


समस्त देशवासियों,
नगरवासियों, क्षेत्रवासियों तथा
लकड़ी व्यापार, वुड इंडस्ट्री एवं
इससे जुड़े सभी व्यापारियों, कारीगरों,
कर्मचारियों और ग्राहकों को
देश के राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की दिली मुबारकबाद एवं
हार्दिक शुभकामनाएं।
आइए, इस पावन अवसर पर
हम सभी देश की एकता,
अखंडता, भाईचारे और तरक्की के लिए
मिलकर अपना योगदान देने का संकल्प लें।
जय हिंद • जय भारत
WOOD TRADER
A.H INDUSTRIES AND COMPANY
PROP - MOHD IMRAN
MOH - BEGAM SARAI AFZALGARH
DHAMPUR ROAD
MOB - 9548484820
WOOD TRADER


UTTAM SUGAR
उत्तम तकनीक
उत्तम गन्ना
उत्तम चीनी
उत्तम किसान
UTTAM SUGAR
उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड बरकातपुर (बिजनौर)
की ओर से समस्त सम्मानित कृषकों एवं क्षेत्रवासियों को
80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
प्रिय कृषक बंधुओं से अनुरोध
जैसा कि आप अवगत हैं कि गन्ना प्रजाति Co - 0238 लाल सड़न व अन्य कीट रोगों से पूर्णतः ग्रस्त हो गयी है। अतः आर्थिक नुकसान से बचने हेतु निम्नलिखित कार्य करें -
* लाल सड़न से ग्रस्त क्लैम्प को खेत से निकालकर जलाकर या मिट्टी में दबाकर नष्ट कर दें। प्रभावित खेतों में ट्राईकोडर्मा 200 मिली. प्रति एकड़ व अमिस्टार टॉप ( एजोक्सीस्ट्रोबिन 18.2 % + डिफेनोकोनाजोल 11.4 % ) 15 दिन के अंतराल पर दो स्प्रे करें।
* उन्नतशील गन्ना प्रजाति Co- 0118 , Co- 15023 , Co - 98014 एवं Co - 18231 आदि की ही बुवाई करें।
* मृदा उपचार हेतु जैव फफूंदी नाशक ( लिक्विड ट्राईकोडर्मा ) 2 ली. प्रति एकड़ गोबर की खाद में मिलाकर 5 से 7 दिन छायादार स्थान पर रखकर कल्चर तैयार करें और गन्ने की बुवाई से पहले अंतिम जुताई पर अवश्य प्रयोग करें।
* लाल सड़न रोग से प्रभावित खेतों का गन्ना समय से सप्लाई कर उनमें फसल चक्र ( अन्य फसल लगाना ) आवश्यक रूप से अपनायें।
* मानसून गन्ना बुवाई हेतु नई गन्ना प्रजाति का बीज लेने हेतु अपने क्षेत्र के गन्ना सुपरवाइजर से सम्पर्क करें।
गन्ना बीज सम्बन्धी किसी भी प्रकार की आवश्यकता / जानकारी के लिये अपने गन्ना सुपरवाइजर / फील्ड अधिकारी से सम्पर्क करें।
नोट - रोग ग्रसित एवं अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें।
शुभकामनाओं सहित
नरपत सिंह राठौर
संयुक्त अध्यक्ष
राजकुमार अदलखा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# मोदी को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी भद्दा, अश्लील और असभ्य, उनका व्यवहार लोकतंत्र के लिए खतरे का संकेत- भाजपा

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गयीं टिप्पणियों और उनका मजाक उड़ाये जाने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तीखी आलोचना की है और उन्हें बयान को भद्दा, अश्लील और असभ्य करार देते हुए उनके व्यवहार को लोकतंत्र के लिए खतरे का संकेत करार दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को श्री गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, कल विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री मोदी और भारत की विदेश नीति पर जो बातें कहीं, वे ओछी और निंदनीय हैं। यह मेरे लिए भी व्यक्तिगत रूप से दुखद है। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में मैंने किसी भी विपक्ष के नेता का ऐसा अभद्र और अकल्पनीय व्यवहार कभी नहीं देखा। ऐसा व्यवहार एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि श्री गांधी के मन में श्री मोदी को लेकर कुंठा हो सकती है, लेकिन ऐसी अभद्र बातें स्वीकार्य नहीं हैं, खासकर तब जब श्री मोदी ने देश और विदेश में भारत का मान बढ़ाया है और विकसित भारत का रास्ता तैयार किया है। बारह वर्षों तक पूरी लगन से काम करते हुए उन्होंने एक भी छुट्टी नहीं ली। ऐसे प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी अभद्र बातें हर भारतीय को दुख पहुंचाती हैं।











